समाचार

मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना

23 जनवरी को वार्ड क्र. 07, 17, 31, 37, 47, 53, 56, 65 में पहुंचेगी मोबाईल मेडिकल यूनिट

(अब तक 379 शिविरों के माध्यम से की गई 19129 लोगों की जांच एवं मुफ्त में इलाज)

कोरबा 22 जनवरी 2021 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 23 जनवरी शनिवार को वार्ड क्र. 07, 17, 31, 37, 47, 53, 56 व 65 के निर्धारित स्थलों में मोबाईल मेडिकल टीम पहुंचकर शिविर लगाएगी तथा लोगों की मुफ्त जांच एवं निःशुल्क इलाज करेगी, वहीं अब तक 379 शिविरों के माध्यम से कोरबा निगम क्षेत्र में 19129 व्यक्तियों की मुफ्त जांच एवं उनका निःशुल्क इलाज किया जा चुका है।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्लम क्षेत्र में रहने वाले लोगों को उनकी बस्ती घर एवं दुवार पहुंचकर गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श, उनकी जांच एवं विभिन्न बीमारियों का इलाज व दवाईयां उपलब्ध कराने हेतु जनकल्याणकारी योजना मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना क्रियान्वित की गई है। योजना के तहत डाक्टर, नर्स तथा अन्य मेडिकल स्टाफ व दवाईयों के साथ मोबाईल मेडिकल यूनिट स्लम क्षेत्रों में पहुंच रही है तथा वहां के निवासियों की निःशुल्क जांच व विभिन्न बीमारियों का इलाज कर रही है। नगर निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत विगत 06 नवम्बर से मोबाईल मेडिकल यूनिट निर्धारित कार्यक्रम के तहत वार्डो एवं बस्तियों में पहुंच रही है, वहीं अब तक निगम क्षेत्र में 379 शिविरों के माध्यम से 19129 व्यक्तियों की मुफ्त जांच एवं उनकी विभिन्न बीमारियों का इलाज किया गया।

शनिवार 23 जनवरी को इन स्थानों पर पहुंचेगी मेडिकल यूनिट– निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 23 जनवरी 2021 शनिवार को वार्ड क्र. 07 मोतीसागरपारा सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 17 पथर्रीपारा सामुदायिक भवन वार्ड कार्यालय के पास, वार्ड क्र. 31 दादरखुर्द जगन्नाथ मंदिर के पास, वार्ड क्र. 37 देहानपारा सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 47 कुमगरी सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 53 तुलसीनगर प्राथमिक शाला के पीछे आंगनबाड़ी, वार्ड क्र. 56 चन्द्रनगर स्कूल के पास, वार्ड क्र. 65 बांकी नम्बर –2 बस्ती सामुदायिक भवन के पास मोबाईल मेडिकल यूनिट पूरे साजो–सामान के साथ पहुंचेगी तथा प्रातः 08 बजे से अपरांह 03 बजे तक लोगों की निःशुल्क जांच एवं उनकी बीमारियों का मुफ्त में इलाज करेगी।